E Mail I.D.:- cfgarhwalp@gmail.com cfgarhwal555@gmail.com , Phone & Fax :- 01368-222566

कार्यालय वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड, पौड़ी।

पत्रांकः– 2537 /121 ,दिनांक, पौड़ी, मई, 5, 2022.

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
बद्रीनाथ वन प्रभाग गोपेश्वर।

विषयः– **जनपद चमोली में राज्य योजना के अन्तर्गत डिम्मर–सुमल्टा मोटर मार्ग के किमी0 6.00 से ग्राम कोलाढुंगी तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.861 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण प्रस्ताव के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भः– **आपका पत्रांक 4831/12–1 दिनॉक 29.04.2022**

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र से आपके द्वारा विषयांकित मोटर मार्ग के वन भूमि हस्तान्तरण प्रकरण में भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून द्वारा चाही गई 3 बिन्दुओं की आख्या इस कार्यालय को प्रेषित की गई है का अवलोकन करने पर निम्न कमियॉ पाई गई हैः–

1– बिन्दु सं0 1 के क्रम में के0एम0एल0 फाईल का अवलोकन करने पर पाया कि प्रस्तावित मार्ग में VDF (Very Dense Forest) क्षेत्र दिखाई दे रहा है जबकि आप द्वारा प्रस्तुत उत्तर में मार्ग का संरेखण अत्यन्त विरल हरियाली क्षेत्र में बताया गया है स्वंय निरीक्षण कर स्थिति स्पष्ट करें।

2– बिन्दु सं0 2 में वैकल्पिक संरेखण प्रस्तावित मोटर मार्ग के समान्तर लिया गया है जिसको निकटतम मौजूदा सड़क से लिये जाने तथा अपलोंड करने हेतु लिखा गया है किन्तु आपके द्वारा ऐसा न करते हुये भ्रामक सूचना इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। भारत सरकार एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून की अपेक्षानुसार वैकल्पिक संरेखण का विवरण अपलोड करें।

3– बिन्दु सं0 3 एन0पी0वी0 की गणना शीट में भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली के आदेश दिनॉक 05.02.2009 का उल्लेख किया गया है इसके साथ ही 6 जनवरी 2022 से प्रभावी नई एन0पी0वी0 दरों पर आगणन स्पष्ट करें।

उक्त कमियों से स्पष्ट है कि आपके द्वारा वन भूमि हस्तान्तरण प्रकरणों का सही से परीक्षण नहीं किया जा रहा है तथा अधी–अधूरी सूचना इस कार्यालय को प्रेषित की जा रही है।

अतः आप उपरोक्त कमियों का निराकरण कर इस कार्यालय को सूचित करें जिससे प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

(एन0एन0पाण्डेय)
वन संरक्षक
गढ़वाल वृत्त,उत्तराखण्ड,पौड़ी।

पत्रांकः– 2537 / 121 दिनांकित

प्रतिलिपि अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग गौचर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय,

(एन0एन0पाण्डेय)
वन संरक्षक
गढ़वाल वृत्त,उत्तराखण्ड,पौड़ी।

//Jaideep//